# रायसेन में चौसिंगा का शिकार, एक बंदूक और मांस जब्त

**▸ वन विभाग की टीम ने दो सगे भाइयों समेत 4 आरोपियों को पकड़ा**





**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 23 मई. रायसेन में चौसिंगा वन्यप्राणी का शिकार का मामला सामने आया है. वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इनमें दो सगे भाई भी शामिल हैं. वन विभाग ने आरोपियों के कब्जे से अवैध 12 बोर बंदूक, खाली खोखे, शिकार किया गया मांस और टॉर्च सहित अन्य सामग्री जब्त की है.डीएफओ प्रतिभा शुक्ला ने शनिवार को इस मामले का खुलासा किया.**

उन्होंने बताया कि आरोपियों ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात जंगल क्षेत्र में शिकार की वारदात को अंजाम दिया था. सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा.

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाद अहमद (निवासी जैन मंदिर के पास), आदिल खान और अमान खान (दोनों निवासी तहसील मोहल्ला) तथा राशिद खान (निवासी शरीफ कॉलोनी रायसेन) के रूप में हुई है. आदिल और अमान सगे भाई हैं. इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रवेश पाटीदार के नेतृत्व में टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. टीम में डिप्टी रेंजर प्रभात यादव, संजय मौर्य, वनपाल नितेश यादव, मनमोहन यादव, परसराम मालवीय, अवधेश उपाध्याय, वन रक्षक भूपेंद्र कुशवाहा, प्रीतम जाटव और चालक शैतान सिंह शामिल थे. वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है.

# बेगमगंज के 18 वार्डों में कीटनाशक का छिड़काव



**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 23 मई. नगरपालिका परिषद के द्वारा डेंगू , मलेरिया जैसी घातक बीमारियों से नागरिकों की सुरक्षा को लेकर शनिवार से कीटनाशक दवा का सभी 18 वार्डों में छिड़काव करवाना प्रारंभ कर दिया है.**

शनिवार को सफाई दरोगा दिनेश सपेरे के मार्गदर्शन में सफाईकर्मियों के द्वारा दवा का छिड़काव आज वार्ड क्रमक 5 फकीरा मोहल्ला , वार्ड क्रमांक 14 में की गलियों एवं नालियों में किया गया, ताकि मच्छरों एवं उनका लार्वा नष्ट हो सके. सफाई दरोगा दिनेश सपेरे ने बताया कि नपाध्यक्ष संदीप लोधी एवं सीएमओ राजेन्द्र शर्मा के निर्देशानुसार सभी 18 वार्डों में मच्छररोधी दवा का छिड़काव करना है ओर मच्छर एवं लार्वा नष्ट करना है ताकि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव किया जा सके.

# पार्थिवेश्वर शिवलिंग निर्माण कर रुद्राभिषेक

**▸ ग्राम तिनसुआ में पुरुषोत्तम माह में हो रहा आयोजन**



**बेगमगंज , 23 मई. ग्राम तिनसुआ में पुरुषोत्तम माह के पावन पर्व पर असंख्य पार्थिवेश्वर शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक चल रहा. जिसमें सभी भक्त भगवान शंकर का अभिषेक बड़ी भक्ति भाव से कर रहे.**

आचार्य हरिकेश शास्त्री तिंसुआ वाले बेगमगंज ने बताया कि रुद्राभिषेक का अर्थ जीवन में कोई कष्ट हो या कोई मनोकामना हो तो सच्चे मन से रुद्राभिषेक कर के देखें निश्चित रूप से अभीष्ट लाभ की प्राप्ति होगी. शिव जी को प्रसन्न करने के लिए रुद्राभिषेक वैसे भी भगवान शिव को जलधाराप्रिय माना जाता है, क्योंकि वह अपनी जटा में गंगा को धारण किये हुए हैं आप जिस उद्देश्य की पूर्ति हेतु रुद्राभिषेक करा रहे हैं उसके लिए किस द्रव्य का इस्तेमाल करना चाहिए इसका उल्लेख शिव पुराण में किया गया है. कथा व्यास शास्त्री ने बताया यदि वर्षा चाहते हैं तो जल से रुद्राभिषेक करें. रोग और दु:ख से छुटकारा चाहते हैं तो कुशा जल से अभिषेक करना चाहिए. मकान, वाहन या पशु आदि की इच्छा है तो दही से अभिषेक करें लक्ष्मी प्राप्ति और कर्ज से छुटकारा पाने के लिए गन्ने के रस से अभिषेक करें.धन में वृद्धि के लिए जल में शहद डालकर अभिषेक करें. मोक्ष की प्राप्ति के लिए तीर्थ से लाये गये जल से अभिषेक करें बीमारी को नष्ट करने के लिए जल में इत्र मिला कर अभिषेक करें. ज्वर के लिए गंगाजल से अभिषेक करें. वंश वृद्धि के लिए घी से अभिषेक करना चाहिए.शत्रु नाश के लिए सरसों के तेल से अभिषेक करें इस प्रकार विभिन्न कामनाओं के लिए विभिन्न द्रव्यो के साथ अभिषेक कर सकते हैं . भगवान शिव सीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं.

# मिर्जा बेग कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बने

**गैरतगंज, 23 मई.** प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल की अनुशंसा पर समाज सेवी मिर्जा एहतेशाम बेग को जिला कांग्रेस कमेटी मे उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है. एहतेशाम बेग क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी एवं समाज सेवी रहे मरहूम हाजी मिर्ज़ा इकराम बेग के पुत्र हैं. बेग को बधाई देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव राय, लालजी राम ठाकुर, राजकिशोर राजपूत, मुकेश ठाकुर, नेमी चन्द सतोरिया, शरीफ कुरैशी, देवेन्द्र पटेल कस्वा, सुनील श्री वास्तव, मुकेश शर्मा, सैयद शराफत अली, शाहिद अंसारी, शमा हसन, शेफ अली आदि शामिल हैं.

# थाना प्रांगण में हुई शांति समिति की बैठक

**▸ थाना प्रभारी ने की भाई चारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की**



**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 23 मई.** शुक्रवार को थाना परिसर में त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में किया गया. कार्यक्रम में हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष शेर सिंह राजपूत, मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष मकसूद मंसूरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बबलू पठान, नीरज जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल, श्रवण मालवीय, संजीव यादव, देवेन्द्र शर्मा, गोपाल राठौर, राजेश लोधी सहित कस्बा तथा आसपास के ग्रामों के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक व नगर रक्षा समिति और ग्राम रक्षा समिति के सदस्य भी मौजूद रहे. आगामी 28 मई को आने वाले त्यौहार ईद-उल-अज़हा त्यौहार आपसी भाई चारे और शांति पूर्ण तरीक़े के साथ मनाया जाएगा. ईद उल अज़हा की नमाज़ स्थानीय ईदगाह पर गुरुवार सुबह 7 बजे अदा की जाएगी. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने कहा कि शांति समिति बैठक में हुई चर्चा और सुझावों को अधिकारियों के संज्ञान में लाकर समस्याओं व सुझाव को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा. और सभी से आगामी त्यौहारों ईद उल अज़हा को शांति पूर्ण तरीके से मनाने की बात कही.

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग से विवाह करने वाला गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 23 मई. इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग को भगाकर ले जाने और उससे विवाह करने के आरोपी को बरेली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के अनुसार 8 अप्रैल को फरियादी द्वारा थाना बरेली पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है.**

रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. विवेचना में पाया गया कि आरोपी शिवराज की नाबालिग से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी. दोनों के बीच लगभग 100 किमी की दूरी थी. आरोपी ने नाबालिग होना जानते हुए भी विवाह का झांसा देकर पीड़िता को बहला-फुसलाकर भगा लिया एवं मंदिर में विवाह कर लिया.

तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को पीड़िता को सकुशल उसकी मां के सुपुर्द किया गया. विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 87 65(1) ,64(2) बीएनएस, धारा 5(एल)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पोक्सो एक्ट) की वृद्धि की गई. आरोपी शिवराज को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर उप जेल बरेली भेजा गया है. प्रकरण की विवेचना जारी है. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, उनि आर.पी. गोहे सहायक उप निरीक्षक संतोष गीत थाना बेगमगंज, महिला प्रधान आरक्षक रीता पटेल, आरक्षक मुकेश पटेल, महिला आरक्षक प्राची तोमर, आरक्षक अनिल कुमार अहिरवार एवं साइबर सेल प्रभारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही. पुलिस ने अपील की है कि सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों से दोस्ती करने से बचें.

# विधायक डॉ . प्रभुराम चौधरी ने पंचायतों को सौंपे टैंकर

**▸ समीक्षा बैठक मे कहा कि 'निजी उपयोग हुआ तो होगी कार्रवाई'**



**नवभारत न्यूज**

**गैरतगंज, 23 मई. भीषण गर्मी के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से निपटने के लिए क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है. जनपद पंचायत गैरतगंज के अंतर्गत आने वाली सात ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर वितरित किए गए हैं.**

विधायक डॉ. चौधरी ने ग्राम पंचायत मुड़ियाखेड़ा, कढ़ैया, हिनोतिया महलपुर, बेलना गढ़ी, टेहरी, समनापुर कला और सांकल के सरपंचों एवं सचिवों को औपचारिकताएं पूरी कर पानी के टैंकर सुपुर्द किए. टैंकर सौंपने के दौरान विधायक ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अमले को सख्त लहजे में हिदायत दी कि इन टैंकरों का उपयोग पूरी तरह से सार्वजनिक रूप से ग्रामीणों तक पानी पहुंचाने के लिए ही किया जाना चाहिए. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि 'यदि इन टैंकरों का किसी भी प्रकार से निजी उपयोग किया गया या लापरवाही बरती गई, तो संबंधितों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी.'

**ग्रामीणों को मिलेगी राहत-**

इस वितरण से इन सातों पंचायतों और उनके आश्रित गांवों में पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों को काफी राहत मिलेगी. अब पंचायतें अपनी व्यवस्था के अनुसार जल संकट वाले क्षेत्रों में सुचारू रूप से पानी की सप्लाई सुनिश्चित कर सकेंगी. इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष विजय पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई द्वारा, नप उपाध्यक्ष अशोक सिह ठाकुर , जनपद सदस्य,पंचायत के सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

# शराब और शस्त्र तस्करी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**▸ बाड़ी थाना पुलिस ने की कार्रवाई**

**नवभारत न्यूज**

**बाड़ी, 23 मई. बाड़ी पुलिस ने अवैध शराब और शस्त्र की तस्करी के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार आरोपी अमित ठाकुर, शिवम भारद्वाज और तरशदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी अमित ठाकुर के खिलाफ पूर्व में 25 अपराध अलग अलग थानों में दर्ज हुए है एवं शिवम भारद्वाज के खिलाफ 12 अपराध दर्ज हैं.**

पुलिस ने बताया कि वारना कालोनी बाड़ी में खंडहर हो चुके शासकीय आवास में कुछ संदिग्ध लोग रहने व अवैध गतिविधि की सूचना प्राप्त हुई थी. यहां एक खंडहर मकान के अन्दर जाकर देखा तो तीन व्यक्ति शराब की पेटियां गिनते हुए मिले जिनके पास 06 पेटी देशी मदिरा रखी होना पाई गई. तीनों ने अपने नाम अमित ठाकुर पिता वीरेंद्र सिंह ठाकुर उम्र 38 साल निवासी ग्राम सीराबाड़ा बरेली, शिवम भारद्वाज पिता महेश उर्फ भूरे भारद्वाज उम्र 35 साल निवासी ग्राम बनसरी तहसील चकननगर जिला इटावा उप्र हाल पुरानी बस्ती विलवार मोहल्ला भिंड तथा तराशदीप पिता सरदार सुखविंदर सिंह उम्र 21 साल निवासी मकान नंबर 83 शिवमंदिर मोहल्ला अजनाला स्थाई ग्राम उग्रओलक थाना अजनाला जिला अमृतसर पंजाब के होना बताया. उन्होंने शराब की पेटियों के संबंध में लाइसेंस नहीं होना बताया. तलाशी के दौरान अमित ठाकुर पेट के नीचे देशी पिस्टल बिना मेगजीन तथा 02 जिंदा कारतूस मिले जिसे आरोपी अमित ठाकुर से धारा 25,27 आम्स एक्ट के अंतर्गत जप्त किया एवं थाना पर अपराध क्रमांक 117/26 धारा 34(2) आबकारी एक्ट 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया.

**शांति समिति की बैठक** ▸ सार्वजनिक स्थानों पर नहीं होगी कुर्बानी : एसडीएम

# हर्षोल्लास से मनेगा ईद-उल -अजहा त्यौहार



**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 23 मई. ईद - उल- अजहा त्यौहार के मद्देनजर एसडीएम सौरभ मिश्रा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में एसडीओपी सोनाली गुप्ता, थाना प्रभारी राजीव उईके, मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष आरिफ राइन, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह तोमर सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं समिति के सदस्यगण मौजूद थे. इस अवसर पर मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष आरिफ राइन ने बताया कि गत वर्षो की भांति वर्ष भी दोपहर 2 बजे से काजी मोहल्ला चौकी से अखाड़े का जुलूस परंपरागत रूप से निकलेगा, जो निर्धारित मुख्य मार्गो से होते हुए ऊपर टेकरी पर पहुंचेगा .

यहां पर कुरानखानी के बाद जुलूस का समापन होगा . इस अवसर पर एसडीएम सौरभ मिश्रा एवं एसडीओपी सोनाली गुप्ता द्वारा निर्देशित किया गया कि अखाड़े में धारदार घातक हथियार प्रतिबंधित रहेंगे. जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकलेगा, मार्ग में किसी प्रकार का रद्दोबदल नहीं होगा. साथ ही कुर्बानी सार्वजनिक स्थानों पर नहीं होगी. घर के अंदर सुरक्षित ढ़ंग से कुर्बानी होगी और उसका बेस्ट मटेरियल इधर-उधर नहीं फेंका जाएगा, बल्कि नगर पालिका परिषद की कचरा गाड़ियों में बेस्ट मटेरियल का डिस्पोजल किया जाएगा. सभी मुस्लिम भाई सनातनधर्मलंबी भाइयों का विशेष ध्यान रखते हुए कुर्बानी का पर्व शांति और सद्भाव से मनाएं. इसके अतिरिक्त बिजली कंपनी को बिजली व्यवस्था करने एवं नगर पालिका प्रशासन को ईदगाह सहित सभी मस्जिदों के आसपास एवं रास्तों पर साफ सफाई के साथ पेयजल सप्लाई सुचारू रखने के निर्देश दिए गए . समिति के कुछ सदस्यों के सुझावों को महत्व देते हुए विचार विमर्श के उपरांत उन पर भी सकारात्मक निर्णय लिया गया.

# विपरीत परिस्थितियों में विचलित न हों : पंडित शास्त्री



**बेगमगंज, 23 मई.** इस नश्वर संसार में दृश्य-अदृश्य सब कुछ परिवर्तनशील है. वस्तुएँ, घटनाएँ, परिस्थितियाँ और व्यक्तियों के स्वभाव, गुण तथा प्रवृत्तियाँ भी समय के प्रवाह में बदलती रहती हैं. इसलिए विपरीत परिस्थितियों में विचलित न होकर सहज, धैर्यवान और आत्मस्थित रहें; क्योंकि जो परिवर्तन को स्वीकार कर लेता है, वही जीवन में शान्ति, संतुलन और सफलता का अधिकारी बनता है. कथा व्यास पंडित कमलेश कृष्ण शास्त्री ने कथा वाचन करते हुए कहाकि विपरीत परिस्थितियाँ जीवन के पथ पर आने वाले अवरोध नहीं, अपितु उन्नयन के सोपान हैं. वे हमें हमारे वास्तविक स्वरूप से परिचित कराती हैं. जब परिस्थितियाँ अनुकूल होती हैं, तब मनुष्य बाह्य सुखों में उलझ जाता है; किन्तु जब परिस्थितियाँ प्रतिकूल होती हैं, तब वह भीतर की ओर मुड़ता है, अपने आत्मबल को पहचानता है और अपने अस्तित्व के गूढ़ आयामों को स्पर्श करता है. इस प्रकार विपरीतता, वास्तव में, आत्मजागरण का माध्यम बन जाती है.

विपरीत परिस्थितियाँ, जिन्हें सामान्यत: कष्ट का कारण माना जाता है, वास्तव में आत्मविकास का अवसर होती हैं. वे मनुष्य के भीतर छिपी हुई सहनशक्ति, धैर्य और विवेक को जागृत करती हैं. यदि जीवन में केवल अनुकूलता ही हो, तो मनुष्य कभी अपनी आन्तरिक शक्ति को पहचान ही नहीं पाता. अत: प्रतिकूलता भी एक प्रकार की अनुकम्पा है, जो हमें परिष्कृत करने के लिए आती है.